दिनांक 11.06.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ सफाई सीधे स्वास्थ से जुडा मामला है सफाई व्यवस्था में लगे ठेका एजेन्सी के कार्य में लपरवाही अथवा कामचोरी बर्दास्त नही किया जावेगा । टाउनशिप क्षेत्र में सफाई में किसी प्रकार का हिलहवाला दिखे तो सीधे बी0एस0पी0 के स्वास्थ प्रभारी को शिकायत करें । छ0ग0शासन के केबिनेट मंत्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने वार्ड 66 सेक्टर 7 के सडक 20 से 25 तक स्वच्छता जागरूकता भ्रमण के दौरान नागरिको से उक्त बाते कहें। उन्होने 37 वॉ सप्ताह के अपने स्वच्छता अभियान में रविवार को बेक लाईन सफाई पर विशेष जोर देते हुए भ्रमण में सैकडो की संख्या में साथ चल रहे नागरिको एवं एच0एस0एल0टी0 के श्रमिको को तीन टोली के रूप में विभिक्त होकर अलग–अलग सडक पर सभापति पी0श्याम सुन्दर राव तथा जे0संजय दानी के नेतृत्व में सफाई करने को कहा और खुद गमबुट,दास्ताना पहन कर हाथो में झाडू लेकर बेक लाईन में सफाई करने उतर गये । श्रमिको ने बेक लाईन से लगभग दस टेक्टर कचरा निकाला गया। नागरिको द्वारा बारिश के शुरूवात में ही सापों के दिखे जाने कि शिकायत मंत्री से किये जाने पर उन्होने बी0एस0पी0को इसके रोकथाम के उपाय करने के निर्देश दिये जिस पर स्वास्थ्य प्रभारी के0के0यादव ने आज ही कार्बो एसिड का छिडकाव करने के साथ मच्छरो के रोकथाम के उपाय भी करने का आश्वासन दिये । आयुक्त के0एल0चौहान से मंत्री ने खुर्सीपार सहित औद्योगिक क्षेत्र के बडे नाला एवं नालियों की सफाई बारिश पुर्व किये जाने पर चर्चा किये तो आयुक्त ने बताया कि क्षेत्र के उद्योगपतियों से बैठक कर योजना तैयार किया गया है चैनमाउन्टेन तथा जे0सी0बी0 मशीन लगा कर शीध्र ही सफाई कार्य प्रारंभ किया जावेगा ।

भ्रमण पश्चात सेक्टर 7 मार्केट में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री श्री पाण्डेय ने लोगो सम्बोधित करते हुए देश में चल रहे सफाई कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि भिलाई में हमारे द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान का अब प्रदेश के कई विघायक अनुशरण कर रहे है उन्होने रायगढ के विघायक का उदारण देते हुए कहा कि वे विगत 22 दिनों से लगातार अपने शहर में स्वच्छता का अभियान चला रहे है । मंत्री ने एच0एस0एल0टी0 के श्रमिको को स्वच्छता अभियान में शामिल होकर श्रम दिये किये जाने की प्रशंसा करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया । सभापति पी श्याम सुन्दर राव ने कहा कि श्रमिको की पूंजी उनका श्रम है और वे स्वप्रेरित होकर स्वच्छता अभियान में शामिल हुए है नागरिको को उनसे प्रेरणा लेना चाहिए। आयुक्त के0एल0चौहान ने कचरे के पृथकिकरण की जानकारी देकर घर से मिलने वाले गीले और सुखे कचरे को अलग–अलग रखने की सलाह लोग को दिये । कार्यक्रम का संचालन चिन्ना केशवलू ने किया ।

भ्रमण में पार्षद रिंकू साहू, शिवप्रकाश शिबू,जे0श्रीनिवास राव,पूर्व पार्षद श्याम राव,श्रीमति अनिता सिंह सुमन कनौजिया, पदमा चिन्ना केशवलू, साहिदा बेगम,सहारा परविन,सरोज चौबे,सुधा वर्मा,सहित सैकडो की संख्या में नागरिक एवं निगम तथा भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थें ।

जनसम्पर्क अधिकारी